# पर्यटकों की सुविधा के लिए रणनीतिक रूप से समन्वय से करें काम : कलेक्टर



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( बाएं ) ने पर्यटन विकास समिति की बैठक को संबोधित किया।

- जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक में कलेक्टर ने ऊंट उत्सव के संबंध में भी रणनीति बनाकर तैयारी करने के निर्देश दिए
- पर्यटन विभाग के स्टेकहोल्डर्स ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन इत्यादि पर पर्यटक सहायता केन्द्र खोलने की मांग की

**बीकानेर,** (कासं)। जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग एक रणनीति बनाते हुए टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय करते हुए काम करें। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए विभाग द्वारा सत्यापित ऑटो रिक्शा तथा अन्य वाहनों का एक केन्द्र बनाया जाए जहां एक पैकेज के साथ पर्यटकों के लिए वाहन उपलब्ध हो। साथ ही जिले के समस्त दर्शनीय स्थलों के संबंध में मुख्य चौराहों और अन्य स्थानों पर साइनेज लगवाए जाएं।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद ने कहा कि शहर और जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के फोटो कोलाज फॉर्मेट में रखते हुए पोस्टर बनवाएं तथा वितरित करवाएं, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को एक साथ ऐतिहासिक, धार्मिक महत्व के दर्शनीय स्थलों की जानकारी मिल सकेगी।

जिला कलेक्टर ने ऊंट उत्सव के संबंध में भी रणनीति बनाकर तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन विभाग के विकास कार्यों और विभिन्न बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर जारी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर लक्ष्मीनाथ मंदिर, राजरतन बिहारी मंदिर सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

पर्यटन विभाग के स्टेकहोल्डर्स ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन इत्यादि पर पर्यटक सहायता केन्द्र खोलने की मांग की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) जगदीश गौड़ ,पर्यटन विभाग के उपनिदेशक अनिल राठौड़, जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा सहित संबंधित विभाग अधिकारी उपस्थित थे।

**गांधी दर्शन शिविर कल :** हनुमानगढ़ में शांति एवं अहिंसा विभाग कि ओर से जिले के अग्रसेन भवन में रविवार को एक दिवसीय संभाग स्तरीय गांधी दर्शन शिविर का आयोजन किया जायेगा। संभाग स्तरीय गांधी दर्शन शिविर की तैयारियों को लेकर जिला परिषद सीईओ को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

जिला अहिंसा प्रकोष्ठ के संयोजक श्रवण तंवर ने बताया कि संभाग स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर में बीकानेर संभाग के चारों जिलों के 400 से अधिक प्रशिक्षणार्थी हिस्सा लेंगे। प्रशिक्षण शिविर में 8 गांधीवादी वक्ताओं द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सत्य और अहिंसा के बारे में तथा राज्य सरकार की योजनाओं व गांधी दर्शन के बारे में बताया जायेगा। देश में जिस तरीके का माहौल है उसको देखते हुए गांधीजी की सोच सत्य और शांति के मार्ग का प्रचार प्रसार और भी प्रासंगिक हो जाता है।

जिला शांति व अहिंसा प्रकोष्ठ के सह संयोजक तरुण विजय ने बताया कि कार्यक्रम में हनुमानगढ़ से 100 से अधिक प्रशिक्षणार्थी हिस्सा लेंगे। सामाजिक संगठन और एनजीओ भी इसमें हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम 13 अगस्त को प्रातः दस बजे से अग्रसेन भवन में शुरू होगा।

## 73 साल की गट्टू को मिला स्मार्टफोन

**सूरतगढ़,** (कासं)। इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना में गट्टू को शहरी क्षेत्र का पहला स्मार्टफोन मिला।

दरअसल गट्टू किसी बच्चे का नाम नहीं बल्कि सूरतगढ़ के वार्ड नंबर 1 की निवासी 73 वर्षीय महिला हैं। जिसे शुक्रवार को दूसरे दिन लगाये गए अम्बेडकर भवन के शिविर में शहर की सबसे पहले लाभार्थी के रूप में स्मार्टफोन सौंपा गया। जब वृद्धा गट्टू पत्नी मिशुखान से पूछा गया कि वे इस उम्र में इस फोन से क्या करेंगी। तो गट्टू ने तपाक से जवाब देते हुए कहा कि उसके तीन लड़के, बहु और पोते-पोतियां हैं। वे परिवार के साथ इस पर धार्मिक कार्यक्रम देखेंगी सुनेंगी और पोते-पोतियों की मदद से परिवार रिश्तेदारों से वार्तालाप करेंगी।

स्मार्टफोन लेने के लिए अपने पोते अशरफ अली के साथ पहुंची। गट्टू ने बताया कि उसे एक दिन पूर्व स्मार्टफोन वितरण शिविर में पहुंचने का निमंत्रण मिला। वहीं इस योजना के बारे में उसे वार्ड पार्षद ने भी पूर्व में अवगत करवाया था।

हालांकि गट्टू से पहले स्मार्टफोन वार्ड 1 की ही निवासी जहुरी (60) पत्नी बूंदाखान को मिलना था मगर ओटीपी के वेरिफिकेशन में लम्बा समय लग जाने से इन्हें इंतजार करना पड़ा। आखिरकार दूसरे नंबर की लाभार्थी गट्टू को दोपहर 1:45 बजे योजना में शहरी क्षेत्र का पहला फोन आवंटित किया गया।

## सार-समाचार

### बिजली के लिए आमरण अनशन



नोखा में विद्युत संबंधित मांगों को लेकर उपखण्ड कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर।

**नोखा,** (कासं)। नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर के नेतृत्व में नोखा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पिछले लम्बे समय से आ रही विद्युत समस्याओं को लेकर पूर्व में 18 जुलाई को दिये गये 18 सूत्रीय ज्ञापन की मांगों को लेकर शुक्रवार राजेन्द्र पेट्रोल पम्प से सैकड़ों समर्थकों के साथ उपखण्ड अधिकारी नोखा को ज्ञापन देकर तहसील कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन शुरू किया गया। ज्ञापन के बाद धरना स्थल पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए विकास मंच पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही की वजह से नोखा क्षेत्र के आमजन एवं किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यवस्था को सुधारने के लिए अधिकारियों को फोन उठाने के लिए पाबंद करें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बरसात शुरू होते ही विद्युत सप्लाई काट दी जाती है। जिसके लिए पाबंद किया जाये कि अनावश्यक विद्युत कटौती नहीं की जाये।

### बच्चों की मागों पर मंथन



बच्चों की मांगों को राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणा में शामिल कराने के लिए कार्यशाला में चर्चा करते बच्चे।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान बाल अधिकार संरक्षण साझा के तहत 2023 में राज्य में होने वाले विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बच्चों की मागों को राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणा में शामिल कराने के उद्देश्य से 11-12 अगस्त को सगुन होटल में 'लोकतंत्र में बच्चों एव किशोर किशोरियों की भागीदारी' हेतु दो दिवसीय बीकानेर संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दशम-2023 के कार्यक्रम समन्वयक मांगीलाल शेखर ने बताया कि कार्यशाला में जिसमें बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ एवं अनुपगढ़ आदि जिलों से 110 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 20 से अधिक डीफ एण्ड डंब श्रेणी बच्चों ने भाग लिया है। कार्यशाला में बच्चों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को चिन्हित किया और उनके समाधान के लिए बच्चों का मांग पत्र तैयार किया जायेगा जिसे बच्चों द्वारा आगामी विधान सभा चुनावों में राजनीतिक दलों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए माग-पत्र तैयार करेंगे, जिसका प्रस्तुतीकरण कल जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

### डॉ. नृसिंह बिनानी सम्मानित

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी अध्यक्ष शिवराज छंगाणी द्वारा पूर्व प्राचार्य, चिंतक व लेखक प्रोफेसर डॉ. नृसिंह बिनानी को मोटिवेशनल व अन्य विविध साहित्य लेखन का उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। अकादमी अध्यक्ष शिवराज छंगाणी ने बीकानेर स्थित राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान अकादमी द्वारा हाल ही में महिला साहित्यकारों पर प्रकाशित 'जागती जोत' नामक महत्वपूर्ण पत्रिका की महिला लेखन विशेषांक प्रति भेंटकर प्रोफेसर डॉ. बिनानी को सम्मानित किया। इस अवसर पर राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के सचिव डॉ. शरद केवलिया, डॉ. सतीश मेहता, सुशील छंगाणी, डॉ. कविता मेहता, आदित्य व्यास, इन्द्र कुमार छंगाणी, कल्पना नागौरी, कानसिंह, लाल मोहम्मद, आनंद छंगाणी, मनोज मोदी आदि सहित राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अनेक कार्मिकों के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

### डिग्गी में डूबने से महिला की मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पानी की डिग्गी में डूबने से महिला की मौत हो गई। महिला घरेलू कामकाज कर रही थी। इस दौरान घर में बनी पानी की डिग्गी के पास उसका पैर फिसला और गिर गई। परिवार वालों ने तलाश की तो शव डिग्गी में मिला। महिला के भाई ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। मामला श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर इलाके के समेजा थाने का है। गांव छब्बीस पीएस के रहने वाले मांगीलाल पुत्र बिल्लूराम ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन सुनीता की शादी करीब बीस साल पहले गांव 34 पीएस के छिंद्रपाल के साथ हुई थी। गुरूवार को सुनीता घरेलू काम काम कर रही थी। इस दौरान पैर फिसलने से डिग्गी में गिर गई। परिवार वालों को काफी देर तक नजर नहीं आई तो तलाश शुरू की। तलाश करने के बाद शव घर में बनी पानी की डिग्गी में नजर आया।

## 13.4 किलो पोस्त सहित दो महिला तस्कर गिरफ्तार

- महिला तस्कर व उसका पति पंजाब से हर माह 300 ग्राम हेरोइन लाते व गंगानगर में बेचते थे

**सूरतगढ़,** (कासं)। सदर पुलिस ने सूरतगढ़-श्रीगंगानगर हाईवे पर 25 पीबीएन के निकट 2 महिलाओं को 13 किलो 400 ग्राम पोस्त सहित गिरफ्तार किया।

एसएचओ चंद्रभान चौधरी ने बताया कि शाम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि 2 संदिग्ध महिलाएं 28 पीबीएन बस स्टैंड के निकट खड़ी है। मौके पर दबिश दी तो दोनों महिलाओं ने भागने का प्रयास किया। टीम ने पकड़कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 13 किलो 400 ग्राम पोस्त बरामद हुई। पूछताछ करने पर अपना नाम छिंद्र कौर उर्फ पूजा पुत्री कुलवंत सिंह निवासी चक अरणीवाली पुलिस थाना बेरोके जलालाबाद व समरजीत कौर उर्फ सिमरन पत्नी प्रीतम सिंह निवासी गांव नुरूशाह थाना फाजिल्का की रहने वाली बताई।

पुलिस को छिंद्र कौर से 6 किलो 400 ग्राम व समरजीत से 7 किलोग्राम पोस्त बरामद हुआ। एसएचओ ने बताया कि दोनों महिलाओं को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। वहीं दर्ज केस की जांच सिटी एसआई गोविंदराम बिश्नोई को सौंप दी है। आरोपी लखविंद्र सिंह जटसिख शातिर है और पुलिस को चकमा देने को अपनी पत्नी दीपिका रानी को साथ रखता था। ऐसे में पुलिस दो साल से यही समझती रही कि पति-प्त्नी रिश्तेदारी में जा रहे हैं।

मलोट से श्रीगंगानगर जिले में आते समय पुलिस नाकाबंदी में पूछती तो कहता ससुराल से लौट रहा हूं। श्रीगंगानगर से पंजाब जाते समय कहता ससुराल जा रहा हूं। इसलिए पुलिस ने कभी संदेह ही नहीं किया। आरोपी हर बार 50 ग्राम हेरोइन की मात्रा ही लेकर आता था। कार में छुपाते समय आसानी रहे। ऐसे में सघन तलाशी होने पर ही पकड़े जाने का खतरा होता है। मीरा चौक चौकी प्रभारी एसआई रामविलास बिश्नोई ने बताया कि लखविंद्र सिंह तरणतारण जिले से अपने पहचान के तस्कर से हेरोइन खरीदकर लाता था। वहां उसे एक ग्राम हेरोइन 22 सौ रूपये में मिलती थी, श्रीगंगानगर जिले में 3000 रूपए प्रति एक ग्राम के भाव से बेचता था। इस प्रकार हर बार 50 ग्राम हेरोइन तस्करी से 40 हजार रूपए का मुनाफा होता था।

हर माह 6 से 7 चक्कर लगते थे। यानी एक माह में 2.40 लाख 2.80 लाख रुपए तक मुनाफा होता था। रायसिंहनगर समेजा पुलिस ने क्षेत्र में नशे को लेकर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 35 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी हरबंस सिंह के नेतृत्व में एएसआई गुल्लाराम व पुलिस दल ने मुखबिर की सूचना पर सलेमपुरा में गुरदास पुत्र मलकीत सिंह को 35 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली से चिट्टा अपने एक साथी के साथ लेकर यहां आया था।

## गौशाला संचालकों को प्रशिक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। गौशाला संघ के द्वारा गोपालन विभाग बीकानेर के सहयोग से बीकानेर की सभी तहसीलों में तहसील स्तर पर गौशाला संचालकों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज राधे कृष्ण गौशाला नाथूसर में नोखा तहसील स्तर की गौशालाओं संचालकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में नई गौशाला जिसका निर्माण होना है, नई गौशाला जो कोई व्यक्ति संस्था खोलना चाहे, वह पुरानी गौशालाएं जो अनुदान ले रही है, उन सभी को विभाग की योजनाओं के विषय में, गौशाला संचालन के विषय में, गौशाला प्रबंधन के विषय में, गौशाला व्यवस्था के विषय में, पंचगव्य निर्माण, जैविक कृषि, डेयरी संचालन आदि के विषय में गोपालन विभाग के विषय विशेषज्ञ व संघ के विशेषज्ञ ने प्रशिक्षण दिया। आज का यह प्रशिक्षण शंभू गिरी महाराज अम्बासर, श्याम गिरी महाराज रातडिया,के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। 12 अगस्त को बीकानेर तहसील क्षेत्र की गौशालाओं का प्रशिक्षण श्री करणी गौशाला देशनोक में आयोजित किया जायेगा।

## एक ही रात में दो ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी

- अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 23 से चोरों ने गली में खड़े दो ट्रैक्टरों की बैटरी चुरा ली
- चोरी की घटना पास में लगे कैमरे में कैद हो गई

**अनूपगढ़,**(कासं)। चोरों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र में लगातार चोर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 23 का सामने आया है। देर रात वार्ड नंबर 23 से चोरों ने गली में खड़े दो ट्रैक्टरों की बैटरी चुरा ली और मौके से फरार हो गए। एक चोरी का मामला पास में ही लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया।

सूचना मिलने पर पार्षद पति हरीकृष्ण लखोटिया मौके पर पहुंचे। वाहन चालकों ने पुलिस प्रशासन से बढ़ रही चोरी की वारदातों पर रोक लगाने की मांग की है, साथ ही साथ चोरों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वाहन ड्राइवर मूलाराम पुत्र पुरखाराम ने बताया कि उसने गुरूवार रात ट्रैक्टर को घर के सामने गली में खड़ा किया था। उसी गली में थोड़ी दूरी पर एक अन्य ट्रैक्टर भी खड़ा था।

मूलाराम ने बताया कि जब वह सुबह मजदूरी पर जाने के लिए ट्रैक्टर को स्टार्ट करने लगा तो उसके स्टार्ट नहीं हुआ। जांच की तो देखा कि ट्रैक्टर से बैटरी गायब है। दूसरे ट्रैक्टर की भी जांच की गई तो उसमें से भी बैटरी गायब मिली। मूलाराम ने बताया कि उसने इसकी सूचना पार्षद पति हरिकिशन लखोटिया को दी। सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस थाने में मामला और पुलिस चोर के खिलाफ रिपोर्ट दे दी गई है।

पार्षद पति हरिकिशन लखोटिया ने बताया कि क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन को सीसीटीवी फुटेज भी दे दी गई है और वाहन चालकों की तरफ से पुलिस प्रशासन से कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

## जामसर में सरपंच ने लगवाए सीसीटीवी कैमरे

- अवैध नशे का कारोबार करने वालों पर नजर रखने के लिए कैमरे लगाए

**बीकानेर,**(कासं)। जिले की जामसर पंचायत पूरी तरह नशे के विरोध में उतर आई है। सरपंच इमरान शाह ने अनूठी पहल करते हुए पूरे गांव में करीब एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं।

उनका कहना है कि नशे व अन्य तरह के अवैध कारोबार करने वाले और बदमशों पर इन कैमरों से नजर रखी जा सकेगी। नशे की रोकथाम के लिए सरपंच ने गांव में रैली निकाली। थाना प्रभारी इंद्र कुमार भी रैली में शामिल हुए। ग्राम लालसर, दाउदसर, जलालसर, कतरियासर, खिंचिया, चक ढाणी, अकडियावाला के समस्त ग्रामीणजन, सभी समाज के लोग, जामसर व्यापार मण्डल के सदस्य, सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी सरपंच की मुहिम में सहयोग दिया। मुकद्दर शाह पीर अरशद शाह, मुमताज शाह, उप सरपंच सतपाल जैन जामसर, सैयद हातिम शाह, मकदूम शाह, हमीद शाह, मकदूम शाह रैली में शामिल थे।

## 15 ग्राम चिट्टे सहित महिला गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सिटी पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 ग्राम अवैध चिट्टे सहित एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया।

सीआई कृष्ण कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान तेली धर्मशाला के निकट एक महिला आती हुई दिखाई दी। शक होने पर महिला की महिला पुलिसकर्मी ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से 15 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। महिला ने अपना नाम वार्ड नंबर एक निवासी रजनी पुत्री मघाराम बताया। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच राजियासर थाने के एसआई पृथ्वीराज को सौंप दी है।

## गंगनहर से पानी के लिए किसानों ने दिया अल्टीमेटम

- नहरों में निर्धारित शेयर का पानी मिलने तक किसान धरना देंगे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंग नहर से निर्धारित शेयर का पानी देने की मांग के संबंध में शुक्रवार को किसानों ने जिला कलेक्टर ऑफिस के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया।

किसानों ने पहले गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा में सभा की। इसमें नहरी पानी की मांग के संबंध में विचार-विमर्श के बाद किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कलेक्टर ऑफिस के बाहर हुई सभा में किसान नेता संतवीर सिंह मोहनपुरा और रणजीत सिंह राजू ने कहा कि किसानों को उनके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है। उनका कहना था कि निर्धारित शेयर के अनुसार गंगनहर में 2800 क्यूसेक पानी चलना चाहिए। लेकिन अभी केवल 1100 से 1200 क्यूसेक पानी चल रहा है।

यह गलत है किसान को पूरा पानी मिले जिससे कि वह सही तरीके से फसलें उगा सकें। इससे पहले सुबह किसान शहर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा में एकत्रित हुए। वहां हुई बैठक में संबोधित करते हुए किसान नेता रणजीत सिंह राजू ने कहा यदि इस तरीके से किसान को पर्याप्त पानी नहीं मिला तो वह फसल कैसे उगा पायेगा। किसानों ने कलेक्ट्रेट के सामने बेमियादी धरना शुरू करने की तैयारी की है। शनिवार और रविवार के अलावा शेष सभी दिनों में किसान कलेक्ट्रेट के सामने धरना देंगे।

इसके लिए किसानों को ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदारी दी गई हैं। प्रत्येक ब्लॉक से किसान कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना देंगे।

## पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में मंत्री और नेताओं पर भड़के मुख्यमंत्री

### बैठक में मुख्यमंत्री के आपा खोने की राजनैतिक हलकों में भारी चर्चा है

- गहलोत ने खाचरियावास को कहा मीडिया से बात करते आप ट्रैक से उतर जाते हो।
- रघु शर्मा पर झल्लाते हुए गहलोत ने कहा आप तो बड़े नेता हो यहां नहीं राहुल गांधी को अपनी बात समझाईये
- गहलोत ने नीरज डांगी और रघुवीर मीणा को भी खूब खरी खोटी सुनाई।

**जयपुर,** (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस की पोलिटिकल अफेयर कमेटी की मीटिंग में कई नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निशाने पर आए और भरी बैठक में ही मुख्यमंत्री ने इन नेताओं को खरी खरी कह दी। सी.डब्ल्यु.सी. सदस्य रघुवीर मीणा के साथ ही मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और विधायक रघु शर्मा सहित राज्यसभा सदस्य नीरज डांगी मुख्यमंत्री के गुस्से का शिकार बने।

मुख्यमंत्री उस समय गुस्सा हुए जब रघुवीर मीणा ने कहा कि, बांसवाड़ा जैसे ट्राइबल क्षेत्र में आकर जनजाति के आरक्षण की बात न कर ओबीसी आरक्षण को 21 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया, जिससे आदिवासियों में नाराजगी है। मीणा ने कहा, हम ओबीसी आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन ट्राइबल लोगों के बीच हमें उनकी बात करनी चाहिए थी।

मीणा की इस बात पर गहलोत बहुत नाराज हो गए और रघुवीर मीणा से यहां तक कह दिया कि, एससी-एसटी के आरक्षण में बढ़ोतरी मैंने ही मुख्यमंत्री रहते की थी। उन्होंने यह भी कहा कि, वो आगे भी एससी- एसटी के लिए काम करते रहेंगे। मु.मंत्री गहलोत ने आगे और नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मैंने ही सलूंबर को जिला बनाया और मैंने ही आपको चुनाव जीतने लायक परिस्थितियाँ प्रदान की है।

इसी बैठक में मुख्यमंत्री रघु शर्मा पर भी उस समय नाराज हुए, जब रघु शर्मा ने जातिगत जनगणना पर सवाल उठाते हुए कहा कि, इससे पार्टी को नुकसान होगा।

रघु शर्मा को फटकार लगाते हुए मु.मंत्री ने कहा कि, जातिगत जनगणना करवाने का फैसला पार्टी का है और राहुल गांधी इसे लेकर बात रख चुके हैं। आप तो बड़े नेता हैं, अगर जातिगत जनगणना को लेकर कोई सवाल आपके मन में है तो फिर आप यहां नहीं राहुल गांधी को ये बात समझाइए। इसी बैठक में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी मुख्यमंत्री के गुस्से का शिकार बने।

खाचरियावास बैठक में एग्रेसिव होकर कैम्पेन करने और अपनी बात रखने की सलाह पार्टी को दे रहे थे। इस पर मुख्यमंत्री ने खाचरियावास को आड़े हाथ लिया और कहा कि, मीडिया में बोलते समय जिस तरह आप ट्रैक से उतरकर बयानबाजी करते हो, वो भी पार्टी के लिए सही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, संगठन महामंत्री के.सी. वेणुगोपाल तो फिर भी समय लगाते हैं अगर उनके हाथ में हो तो वो एक दिन में अनुशासन सिखा देते।

गहलोत ने बैठक में राज्यसभा सांसद नीरज डांगी से कहा कि, लगातार तीन बार चुनाव हारने के बावजूद आपको राज्यसभा सांसद बनाया गया है। अब तो कम से कम अपने क्षेत्र की एक सीट जिताने की जिम्मेदारी अपने कंधे पर ले लीजिए।

## 'सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरूआत में होगी कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा'

### कांग्रेस की चुनाव समिति और पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में मु.मंत्री गहलोत ने कहा

- गौरतलब है कि गहलोत और रंधावा आरंभ से ही जल्दी टिकट देने की बात कर रहे हैं, पर ऐसा होता नहीं दिख रहा
- बैठक में आलाकमान के दूत वेणुगोपाल बोले, ''सब मिलकर लड़ो चुनाव''
- 17 तारीख को सभी लोकसभा क्षेत्र में जाएंगे कांग्रेस ऑब्ज़र्वर

**जयपुर,** (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस की चुनाव समिति और पोलिटिकल अफेयर समिति की बैठक के बाद कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने एक बार फिर सितंबर में टिकट दिए जाने की बात कही। उनके तुरंत बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा या तो सितंबर के अंत में या फिर अक्टूबर पहले सप्ताह में उम्मीदवार तय किए जाने का प्रयास किया जायेगा। यानी कि कांग्रेस का टिकट वितरण जल्दी किये जाने का दावा फीका पड़ता दिख रहा है। गौरतलब है कि राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी रंधावा और मुख्यमंत्री गहलोत शुरू से ही टिकट वितरण जल्दी करने का दावा करते आ रहे हैं।

इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और चुनाव के लिए सीनियर ऑब्ज़र्वर मधुसूदन मिस्त्री ने हाईकमान का मैसेज नेताओं को दिया है। दोनों ने राजस्थान के नेताओं को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने और ग्रास रूट स्तर पर अभी से टीम को सक्रिय करने को कहा। पहले तो वेणुगोपाल और मिस्त्री ने लोकसभावार बनाए गए ऑब्ज़र्वर्स के साथ बैठक की। इसके बाद पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की पहली बैठक में विधानसभा चुनावों की रणनीति और उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा हुई। अब कांग्रेस के सभी बड़े मुद्दे और बड़े चुनावी फैसले पहले पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी में लाए जाएंगे। कमेटी में चर्चा के बाद ही सियासी फैसलों को आगे बढ़ाया जाएगा।

कमेटी की बैठक के बाद संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दावा किया कि, राजस्थान में कांग्रेस फिर से सरकार बनाने जा रही है। वेणुगोपाल ने कहा कि राजस्थान सरकार ने गरीबों के लिए योजनाएं दी हैं, वहीं, भाजपा सिर्फ अमीरों के लिए काम कर रही है। इसलिए राजस्थान का चुनाव अमीर बनाम गरीबों के बीच होगा।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री बोले कि कर्नाटक मॉडल पर चुनाव लड़ा जाएगा और टिकट सिलेक्शन प्रोसेस जल्दी शुरू करवाकर सितंबर अंत या अक्टूबर के पहले वीक तक टिकट फाइनल करें, यह प्रयास रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी 17 तारीख को सभी ऑब्ज़र्वर अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में जाकर कांग्रेस जनों से बात करेंगे। उसके बाद आपसी सहमति से उम्मीदवारों का फैसला किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक के मेंबर प्रदेश चुनाव समिति के मेंबर भी हैं। प्रदेश चुनाव समिति के मेंबर और पर्यवेक्षक फील्ड में जाकर सबकी राय लेंगे।

पार्टी में मतभेदों को स्वीकार करते हुए गहलोत ने कहा कि छोटे-मोटे मतभेद हर पार्टी में होते हैं, इसे तूल नहीं दें। हम सब की मंशा है कि हमें विधानसभा चुनाव जीतना है, सरकार बनानी है। उसमें सबकी एक ही राय है। मतभेदों की बात को अनावश्यक रूप से फैलाने का प्रयास नहीं करें। मतभेद की खबरों को तड़का लगाकर बताने में बड़ा मजा आता है, तड़का लगाना बंद करें। यह चुनाव राजस्थान का ही चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश के भविष्य को लेकर है।

बैठक के बाद कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि, टिकट वितरण में जिताऊ और टिकाऊ का फॉर्मूला होगा। फील्ड में काम के आधार पर जो उम्मीदवार जिताऊ होगा, उसे टिकट दिया जाएगा। हम साथ बैठकर सामूहिक रूप से टिकट वितरण पर फैसला करेंगे। सभी नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।